मध्य प्रदेश शासन
वन विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन

:: आदेश ::

भोपाल, दिनांक 15/03/2024

क्रमांक:F-1/1/4/0005/2024/1-10: विभाग के आदेश क्रमांक एफ 1/1/4/0035/2023/1-10, दिनांक 29.08.2023 के सरल क्रमांक 1 श्री रंजन सिंह परिहार, वनक्षेत्रपाल, बांधवगढ़ टाईगर रिजर्व उमरिया को स्थानांतरित कर परिक्षेत्र अधिकारी सिंहपुर, सामान्य वनमण्डल सतना में पदस्थ किया गया।

2/ उक्त आदेश के विरूद्ध वन परिक्षेत्र सिंहपुर, सामान्य वनमण्डल सतना में पदस्थ श्री नितेश कुमार गंगेले, वनक्षेत्रपाल द्वारा माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर में याचिका क्रमांक 22487/2023 दायर की गई। माननीय उच्च न्यायालय द्वारा दिनांक 05.09.2023 को उक्त स्थानांतरण पर स्थगन दिया गया।

3/ श्री नितेश कुमार गंगेले, वन परिक्षेत्र सिंहपुर, सामान्य वनमण्डल सतना द्वारा दिनांक 06.09.2023 को अभ्यावेदन प्रस्तुत कर लेख किया कि माननीय न्यायालय द्वारा दिये आदेशानुसार मेरा स्थानांतरण भविष्य में न किया जाय क्योंकि मेरी पदस्थिति को अभी अल्पावधि हुई है, अतः कृपा कर माननीय न्यायालय द्वारा दिए निर्देश को ध्यान में रखते हुए श्री रंजन सिंह परिहार, वनक्षेत्रपाल, बांधवगढ़ टाईगर रिजर्व उमरिया से वन परिक्षेत्र सिंहपुर, सामान्य वनमण्डल सतना किया गया स्थानांतरण आदेश निरस्त करने का कष्ट करें।

माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा याचिका क्रमांक 22487/2023 में दिनांक 05.09.2023 को दिये स्थगन के अनुक्रम में श्री नितेश कुमार गंगेले, वन परिक्षेत्र अधिकारी, सिंहपुर, सामान्य वनमण्डल सतना व्दारा प्रस्तुत अभ्यावेदन दिनांक 06.09.2023 में उल्लेखित बिन्दुओं को दृष्टिगत राज्य शासन एतद्द्वारा विभाग के आदेश क्रमांक एफ 1/1/4/0035/2023/1-10, दिनांक 29.08.2023 द्वारा श्री रंजन सिंह परिहार, वनक्षेत्रपाल, बांधवगढ़ टाईगर रिजर्व उमरिया को स्थानांतरित कर परिक्षेत्र अधिकारी सिंहपुर, सामान्य वनमण्डल सतना में की गई पदस्थापना को निरस्त कर यथावत बांधवगढ़ टाईगर रिजर्व उमरिया में अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक तत्काल प्रभाव से पदस्थ करता है।

कक्ष/कर्मचारी नाम
अ.प्र.मु.व.स. (सू.प्रौ.)

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार

(अनुराग कुमार)
पदेन उप सचिव
मध्यप्रदेश शासन, वन विभाग

Order 2023 H.S.Ahirwar

पृ0 कमांक F-1/1/4/0005/2024/10-1, भोपाल दिनांक 15/03/2024

प्रतिलिपिः-

(1) विशेष सहायक, मान. वनमंत्री जी मध्यप्रदेश शासन, भोपाल।

(2) प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख म0 प्र0, भोपाल।

(3) अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (प्रशासन-।।), भोपाल।

(4) अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (सूचना एवं प्रौद्योगिकी), सतपुड़ा भवन, भोपाल की ओर बैवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

(5) संबंधित मुख्य वन संरक्षक/वनमण्लाधिकारी..

(6) स्टाफ ऑफीसर, अपर मुख्य सचिव, म.प्र.शासन, वन विभाग।

(7) संबंधित ....द्वारा अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (प्रशा-।।) भोपाल।

(8) गार्ड फाईल।

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

पदेन उप सचिव

मध्यप्रदेश शासन, वन विभाग